मध्य प्रदेश में बंजर-भूमि का विकास

927. **श्री गोविन्दराम मिरी** : क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में बंजर-भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है और उसमें से मध्य प्रदेश की बंजर-भूमि का प्रतिशत कितना है;

(ख) बंजर-भूमि के विकास के लिए प्रत्येक राज्य को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और

(ग) गत तीन वर्षो के दौरान इस प्रयोजनार्थ मध्य प्रदेश को कितनी वित्तीय सहायता दी गई और उक्त सहायता से कितनी बंजर-भूमि विकसित की गई?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (बंजर-भूमि विकास विभाग) (कर्नल राम सिंह) : (क) बंजर-भूमि विकास विभाग ने राष्ट्रीय दूर संवेदी-एजेंसी के सहयोगी से राष्ट्रीय बंजर-भूमि पहचान परियोजना आरम्भ की है । इस परियोजना के अंतर्गत देश में 241 जिले जिनको 5 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र बंजर-भूमि है, का मानचिन्त्रण किया गया है । अतः पूरे देश में बंजर-भूमि के फैलाब के संबंध में सुनिश्चित सूचना उपलब्ध नहीं है । तथापिए एक अनुमान के आधार पर देश मे बंजर-भूमि का फैलाव 129.5 मिलियन हैक्टेयर है, जिसमें 20.142 मिलियन हैक्टेयर बंजर-भूमि मध्य प्रदेश में हैं जो देश में कुल बंजर-भूमि का लगभग 15.55 प्रतिशत है ।

(ख) 20 सूत्री कार्यक्रम के सूत्र संख्या 16 के अंतर्गत बंजर-भूमि सहित भूमि की विभिन्न श्रेणियों पर वनीकरण/वृक्षारोपन गतिविधिया की जा रही है । 20 सूत्री कार्यक्रम के सूत्र संख्या 16 के अंतर्गत सूखा ग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, मरुभूमि विकास कार्यक्रम, सुनिश्चित रोजगार योजना, जवाहर रोजगार योजना, समेंकित वनीकरण तथा पारिस्थतिकी विकास कार्यक्रम, बागवानी हेतु रोजगार आश्वासन योजना आदि सहित केन्द्र तथा राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाएं कार्यान्विता की जाती है । पिछले तीन वर्षो के दौरान सूत्र संख्या 16 के अंतर्गत निधियों का राज्यवार आवंटन संलग्न विवरण में दिया गया है । (**नीचे देखिए**)

(ग) राष्ट्रीय बंजर-भूमि विकास बोर्ड भी इसकी निम्नलिखित योजनाओं के माध्यम से देश में वनेतर बंजर-भूमि का विकास कर रहा है ।

(1) समेकित बंजर-भूमि विकास परियोजना स्कीम,

(2) निवेश संवर्धन योजना,

(3) बंजर-भूमि विकास के लिए गैर-सरकारी संगठनों/स्वयं – सेवी संगठनों को सहयोग,

(4) प्रौद्योगिकी विकास, विस्तार एवं प्रशिक्षण,

(5) बंजर-भूमि विकास कार्य दल;

(घ) 20 सूत्री कार्यक्रम के सूत्र संख्या 16 के अंतर्गत पिछले 3 वर्षो के दौरान मध्य प्रदेश को बंजर-भूमि सहित भूमि की विभिन्न श्रेणियों पर वनिकरण/वृक्षारोपण गतिविधियां करने के लिए 18,663.56 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई और जिससे 3.81 लाख हैक्टेयर क्षेत्र का विकास किया गया और निजी भूमि पर रोपण हेतु 1477.24 लाख बीजांकुरों का वितरण किया गया ।

विवरण

(रुपये लाखों में)

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	1992-93 के लिए आवंटन	1993-94 के लिए आवंटन	1994-95 के लिए आवंटन
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	2510.52	3324.70	2579.47
2.	अरुणाचल प्रदेश	434.55	511.00	1324.00
3.	असम	1520.00	1217.00	267.69
4.	बिहार	2112.46	3381.46	4715.60
5.	गोवा	156.95	150.80	154.66
6.	गुजरात	6713.93	6684.04	6881.12
7.	हरियाणा	4576.57	3777.40	3669.10
8.	हिमाचल प्रदेश	4746.00	6063.13	एन.आर.
9.	जम्मू व कश्मीर	1795.95	1108.02	एन.आर.
10.	कर्नाटक	6157.87	7548.06	11513.51
11.	केरल	1215.00	695.05	330.00
12.	मध्य प्रदेश	5512.96	7350.68	5800.98
13.	महाराष्ट्र	7624.11	8936.45	9525.86
14.	मणिपुर	573.65	284.49	542.61
15.	मेघालय	1164.07	1084.20	एन.आर.
16.	मिजोरम	870.00	906.09	927.44
17.	नागालैंड	155.38	150.11	744.00
18.	उडीसा	4208.00	4069.50	978.35
19.	पंजाब	1159.50	1672.70	908.35
20.	राजस्थान	9583.00	12550.44	14339.17
21.	सिक्किम	383.87	364.82	एन.आर
22.	तामिलनाडु	4640.70	5199.39	8868.00
23.	त्रिपुरा	1158.04	1163.63	861.67
24.	उत्तर प्रदेश	6790.16	9043.33	12983.49
25.	पश्चिम बंगाल	2880.00	2098.30	3057.27
26.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	116.25	114.85	127.50

1	2	3	4	5
27.	चंडीगढ़	30.00	170.00	45.00
28.	दादर व नगर हवेली	97.20	200.00	146.87
29.	दमन व द्वीव	13.00	13.00	22.50
30.	दिल्ली	281.00	197.00	193.00
31.	लक्ष्यद्वीप	16.00	16.50	एन.आर.
32.	पांडीचेरी	91.33	131.00	92.00
	योग :	79288.02	90177.14	91599.21

एन.आर. = सूचित नहीं किया गया है ।

बिहार में जवाहर रोजगार योजना का कार्यान्वयन

928. **श्री रामदेव भण्डारी** : क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के कितने जिलों में जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत कार्यक्रम लागू किये जा रहे है;

(ख) उन जिलों के नाम क्या – क्या है और केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में प्रदान कि गई राशि का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार बिहार के पिछड़ेपन को देखते हुए राशि को बढ़ाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (ग्रामीण रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग) (श्री विलास बाबूराव मुत्तेमवार) : (क) जवाहर रोजगार योजना बिहार के सभी जिलों में कार्यान्वित की जा रही है ।

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि के जिलेवार नाम और वर्षवार तथा जिलेवार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं । (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

विवरण

बिहार राज्य को जवाहर रोजगार योजना की निधियों का केन्द्रीय आवंटन/रिलीज

क्रम सं0	जिले का नाम	1994-95 (रिलीज)	1995-96 (आवंटन) (लाख रुपये में)
	1	2	3
1.	पटना	1039.35	915.61
2.	नालन्दा	965.89	978.26
3.	भोजपुर	492.09	535.97
4.	रोहतास	719.30	826.71
5.	औरंगाबाद	884.07	962.21
6.	जहांनाबाद	532.23	548.78
7.	गया	1698.70	1898.38
8.	नवादा	664.28	942.21
9.	सहरन	563.09	649.34
10.	सिवान	570.01	555.63
11.	गोपाल गंज	441.05	476.22
12.	पश्चिम चंपारण	627.86	678.46
13.	पूर्वी चंपारण	1013.65	824.82
14.	सीतामढ़ी	845.75	757.36
15.	मुजफफरपुर	706.39	998.87
16.	बैशाली	697.77	964.23
17.	बेगुसराय	609.30	714.85
18.	समस्तीपुर	916.48	993.51
19.	दरभंगा	860.53	888.86
20.	मधुबनी	952.92	858.97
21.	सहरसा	621.31	679.24
22.	मधेपुरा	680.83	717.85
23.	पुर्णिया	761.57	611.57
24.	कटिहार	602.95	709.80
25.	खगडिया	346.82	578.28
26.	मुंगेर	876.09	978.49
27.	भागलपुर	1072.49	1195.10
28.	गोड्डा	679.56	964.42
29.	साहिबागंज	1366.69	1585.36
30.	दुमका	1348.16	1911.51
31.	देवधर	728.69	806.79
32.	धनबाद	1124.90	1299.84
33.	गिरिडीह	1000.25	1134.87
34.	हजारीबाद	993.95	1120.23
35.	पलाम	1815.98	2097.48
36.	लोहरदग्गा	532.36	601.72
37.	गुमला	1551.72	2199.65
38.	रांची	1936.17	2246.95
39.	पूर्वी सिंहभूम	860.38	1220.29
40.	पश्चिम सिंहभूम	2170.80	2504.11
41.	अररिया	514.98	502.97
42.	किशनगंज	225.97	267.86
43.	भभुवा	454.69	644.67
44.	बक्सर	294.67	368.11
45.	सुपौल	431.64	739.30